केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

संख्या : कोर/जी/पीआर/10/03 दिनांक: 28/03/2025

संपादक

प्रेस विज्ञप्ति

प्रयागराज मुख्य

कोर मुख्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण खेल-कूद संघ (रेसा) द्वारा विद्युत कर्षण के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मैत्री क्लब में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्रिकेट, टेबल टेनिस (टीटी), बैडमिंटन, शतरंज, कैरम एवं बिलियर्डस आदि खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कोर मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह के अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री यतेन्द्र कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी एवं कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एकता और सामाजिक संबंधों को मजबूती प्रदान करता है एवं शारीरिक, मानसिक स्वास्थ को भी लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से हमें अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक साथ लाने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम स्थल (मैत्री क्लब) पर मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार श्रीवास्तव-महाप्रबंधक/कोर के आगमन पर श्री संजय सिंह नेगी-मुख्य बिजली इंजीनियर (पी&डी) ने तथा श्रीमती वन्दना श्रीवास्तव-अध्यक्षा/रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन (रीवो) का श्रीमती चंचला-कोषाध्यक्ष/रीवो ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री उपेन्द्र कुमार- मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य) एवं कोर मुख्यालय के सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं विजेता, उपविजेता तथा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक/कोर एवं अध्यक्षा/रीवो ने खेल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

अपने सम्बोधन में महाप्रबंधक महोदय ने विभिन्न खेलों में विजेता एवं उपविजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ हमें यह सिखाती हैं कि हमें अंतिम क्षण तक हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और परिणाम की चिन्ता किए बिना अपना शत-प्रतिशत देना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जीत हमेशा खेल की होती है और हमें हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए।

समारोह का संचालन श्री प्रदीप तिवारी-कोषाध्यक्ष/रेसा, एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री कल्याण सिंह-सचिव/रेसा ने किया ।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज